
**<u>पॉजिटिव पे सिस्टम – प्रमुख विशेषताएं</u>**

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिनांक 25 सितंबर, 2020 को जारी परिपत्र संख्या आरबीआई/2020 –1/41/ डीपीएसएस.सीओ.आरपीपीडी.नंबर. 309/04.07.2005/2020-21 में दर्शाए गए निर्देशानुसार बैंक द्वारा दिनांक 01.01.2021 से केंद्रीकृत पॉजिटिव पे प्रणाली (सीपीपीएस) शुरूआत की गयी है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ग्राहकों से अनुरोध है कि लाभार्थियों को चेक सौंपने से पूर्व चेक का प्रमुख विवरण हमें उपलब्ध कराएं ताकि बैंक द्वारा सीटीएस समाशोधन/ शाखा / इंटरसोल (साथ ही काउंटर पर ) में भुगतान हेतु प्रस्तुत किए जाने पर आधार शाखा द्वारा दुबारा पुष्टि के लिए कोई फोन कॉल किए बिना उच्च मूल्य का चेक पास किया जा सके।

- रु. 50,000 और इससे अधिक के चेक के संबंध में पॉजिटिव पे के माध्यम से पुष्टि प्राप्त की जा सकती है परंतु रु. 5.00 लाख और इससे अधिक राशि के चेक के समाशोधन के लिए यह अनिवार्य है। यदि पॉजिटिव पे की पुष्टि प्रदान नहीं की जाती है तो समाशोधन संबंधी ऐसे चेक दिनांक 23 जनवरी 2023 से लौटाए जा रहे थे।
- इसके बाद, बिना पॉजिटिव पे पुष्टि वाले रु. 5 लाख और इससे अधिक की लेनदेन राशि वाले ऐसे चेक भी धोखाधड़ी से बचाव हेतु दिनांक 07.07.2023 से लौटाए दिए जाएंगे।
- पुष्टि हेतु प्रस्तावित मॉडल/चैनल बॉब वर्ल्ड (मोबाइल बैंकिंग), बॉब वर्ल्ड इंटरनेट (नेट बैंकिंग) , शाखा, 8422009988 पर एसएमएस, और व्हाट्सऐप बैंकिंग (8433 888 777) है।
- इस पुष्टि के लिए निम्नलिखित इमेज के आधार पर 6 अनिवार्य इनपुट्स प्रदान किए जाने हैं:




- किसी भी मोड में किसी पंजीकृत पुष्टिकरण के संशोधन या विलोपन का कोई विकल्प नहीं है क्योंकि, डेटा के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए सर्वर में प्रस्तुति के बाद संशोधन / विलोपन नहीं हो सकता है. हालांकि, ग्राहक सीटीएस समाशोधन में अपनी प्रस्तुति / भुगतान से पहले किसी भी समय जारी किए गए चेक के भुगतान को रोक सकते हैं।
- यदि CTS क्लीयरिंग/ शाखा/ इंटरसोल में प्रस्तुत किये गए वास्तविक चेक से महत्वपूर्ण विवरण मेल खाते हैं और अन्य विवरण जैसे पर्याप्त निधि, हस्ताक्षर का मिलना आदि ठीक हैं, तो चेक पास कर दिया जाएगा।
- किसी भी चैनल/ मोड के माध्यम से केवल सायं 06.00 (प्रतिदिन) तक जमा / सत्यापित की गई पुष्टियों को अगले समाशोधन सत्र में प्रोसेस किया जाएगा। इसके बाद प्राप्त सभी पुष्टियों को समाशोधन के अगले सत्र में प्रोसेस किया जाएगा. शाखा के माध्यम से पुष्टि संबंधित शाखा के सामान्य कारोबार समय के दौरान प्रदान की जा सकती है। अन्य सभी माध्यम / चैनल पॉजिटिव पे की पुष्टि प्रदान करने के लिए 24x7 उपलब्ध होंगे।
- पॉजिटिव पे पुष्टि की प्रत्येक सफल प्रस्तुति के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक रेफरेंस (रजिस्ट्रेशन) नंबर एसएमएस के जरिए साझा किया जाएगा।
- ग्राहकों को जारी किये गए चेकों, भले ही उनकी पुष्टि हुई हो अथवा नहीं, के प्रस्तुतिकरण / भुगतान के लिए खाते में पर्याप्त धनराशि का होना सुनिश्चित किया जाए।
- यह पुष्टि किसी एक मोड के माध्यम से ही प्रदान की जानी चाहिए।
- पुराने चेक (पुष्टि की तारीख से 3 महीने पुराना) स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- भविष्य की तारीख वाले चेक स्वीकार किए जाएंगे।

- ग्राहकों को लॉगिन क्रेडेंशियल, एम् पिन, पासवर्ड आदि मोबाइल बैंकिंग/ नेट बैंकिंग में दर्ज करने होंगे।
- यदि ग्राहकों द्वारा पॉजिटिव पे की पुष्टि शाखा (बैंक ऑफ बड़ौदा की किसी भी शाखा) के माध्यम से प्रदान किया जाना है तो उनके अवलोकन हेतु आवेदन पत्र संलग्न है। **शाखाओं द्वारा मूल पुष्टि फ़ॉर्म केवल कारोबार समय के दौरान ही स्वीकार किए जाएंगे. सरकारी खातों को भौतिक रुप से पुष्टि प्रदान करने से छूट दी गई है। यदि सरकारी विभाग के पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से स्कैन की गई प्रति साझा की जाती है तो ऐसी पुष्टि स्वीकार की जा सकती है**।
- खाते में दिए गए परिचालन निर्देशों के सभी प्राधिकृत हस्ताक्षरियों को भारत में किसी शाखा के माध्यम से पुष्टि प्रदान करने हेतु पुष्टि फार्म को हस्ताक्षरित करना होगा. शाखाओं द्वारा सरकारी खातों को छोड़कर अन्य खाते की स्कैन की गई इमेज, फैक्स, जेरोक्स कॉपी, ईमेल अनुरोध आदि स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
- ग्राहक https://bobcrm.bankofbaroda.co.in या टोल फ्री नंबर **1800 5700** के माध्यम से शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

कृपया निम्नलिखित चैनल / मोड के माध्यम से पॉजिटिव पे की पुष्टि उपलब्ध कराने के लिए पाथ प्राप्त करें:

1. **मोबाइल बैंकिंग**
2. **नेट बैंकिंग**
3. **शाखा का दौरा**
4. **एसएमएस**
5. **कॉल सेंटर**
6. **व्हाट्सऐप बैंकिंग**

1. **मोबाइल बैंकिंग (बड़ौदा एम-कनेक्ट प्लस):** - ग्राहक अपना लॉगिन क्रेडेंशियल्स प्रविष्ट करें > विकल्प चुनें > सेवा अनुरोध > पॉजिटिव पे पुष्टिकरण > ऑपरेटिव अकाउंट का चयन करें> चेक नंबर प्रविष्ट करें » शेष अनिवार्य फ़ील्ड 1. राशि 2. आदाता का नाम और 3. दिनांक 4. लेन-देन कोड की प्रविष्टि »पुष्टि करें» एमपिन »सबमिट।

2. **नेट बैंकिंग (BOBibanking):** - ग्राहक अपना लॉगिन क्रेडेंशियल्स प्रविष्ट करें > विकल्प चुनें > सेवाएं > चेक बुक > केंद्रीकृत पॉजिटिव पे प्रणाली > शेष अनिवार्य फ़ील्ड 1. परिचालनगत खाते का चयन करें > चेक नंबर 3. राशि 4. आदाता का नाम और 4. दिनांक 5. लेन-देन कोड की प्रविष्टि »पुष्टि करें» एमपिन »सबमिट।

3. **शाखा दौरे के माध्यम से :** - ग्राहक भारत में किसी भी बीओबी शाखा में स्वयं जाकर अपने पॉजिटिव पे की पुष्टि उपलब्ध करा सकते हैं. ग्राहकों को आवेदन के निर्धारित प्रारूप (संलग्न अनुसार) में अनिवार्य जानकारी प्रदान करनी होगी . ग्राहकों से अनुरोध है कि संबंधित शाखा के कारोबार समय के दौरान अपनी पुष्टि प्रदान करें।

4**. एसएमएस:** - ग्राहकों द्वारा वर्चुअल मोबाइल नंबर 8422009988 के माध्यम से लाभार्थी को अपने जारी किए गए चेक पर अपनी सकारात्मक पुष्टि प्रदान की जानी है. ग्राहकों द्वारा CPPS प्रिफिक्स के साथ सभी 6 अनिवार्य इनपुट प्रस्तुत करना आवश्यक है।

| की वर्ड | खाता क्र | चेक नं | चेक की तारीख | रूपए एवं पैसे में पूरी राशि/ | लेनदेन कोड | आदाता का नाम | वीएमएन को |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीपीपीएस | 29040100010207 | 123456 | 01122020 | 332211 | 13 | Ashwanikumar sharma | 8422009988 |

सभी इनपुट में रिक्त स्थान के बिना, बड़े अक्षरों में आदाता का नाम होना चाहिए।

→ CPPS 29040100010207 123456 01122020 332211 13 ASHWANIKUMARSHARMA

5**. कॉल सेंटर: -** ग्राहक पहचान प्रक्रिया के उपरांत टोल फ्री नंबरों 1800 5700 के माध्यम से ग्राहक अपनी पॉजिटिव पे की पुष्टि प्रदान कर सकते हैं।

6**. व्हाट्सऐप बैंकिंग**: ग्राहक व्हाट्सऐप बैंकिंग के माध्यम से निम्नलिखित पाथ के तहत पॉजिटिव पे संबंधी अपनी पुष्टि प्रदान कर सकते हैं:

**व्हाट्सऐप बिजनेस अकाउंट नंबर (8433 888 777)** Hi टाइप करें > भाषा चुनें > पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें > ग्राहक की सहमति- हाँ चुनें > सबमिट > सेव > चेकबुक > पॉजिटिव पे

शाखा प्रबंधक
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
शाखा ____________________

तारीख:___________
समय: ___________

प्रिय महोदय / महोदया,

**<u>विषय: - सीटीएस क्लियरिंग/ शाखा/ इंरसोल/ काउंटर पर प्रस्तुत चेक के लिए पॉजिटिव पे की पुष्टि.</u>**

मैं ________________________________(खाताधारक का नाम) का आपकी______________ शाखा (शाखा का नाम) में मेरा एक खाता _________________(खाता क्रमांक) है.
----------- (शाखा का नाम).
मैं एतद् द्वारा यह पुष्टि करता हूं कि मैंने उपरोक्त खाते में निम्नानुसार चेक जारी किए हैं:-

| क्र.सं | चेक नं | राशि | आदाता का नाम | चेक तारीख | लेन-देन कोड (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**<u>(*) चेक के एमआईसीआर बैंड के दाहिनी तरफ दो अंकों का लेनदेन कोड मौजूद है.</u>**

मैं समझता / समझती हूं कि समाशोधन में प्रस्तुत जानकारी संबंधी के किसी भी भिन्नता के कारण बैंक किसी/सभी चेक को अस्वीकार कर सकता है। मैं उपरोक्त चेकों की स्वीकृति हेतु अनुरोध पूरा करने हेतु खाते में पर्याप्त शेषराशि होने की भी पुष्टि करता हूं।

___________ (मुहर/ हस्ताक्षर रिकॉर्ड के साथ मेल खाना चाहिए)
___________ (हस्ताक्षरकर्ता / हस्ताक्षरकर्ताओं का नाम)
___________ (पंजीकृत मोबाइल नंबर)

नोट - खाते में परिचालन निर्देश के अनुसार सभी अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता / हस्ताक्षरकर्ता यह पुष्टि प्रदान कर सकते हैं। मूल हस्ताक्षरित फॉर्म केवल शाखा के बैंकिंग कारोबार समय के दौरान ही स्वीकार किए जाएंगे।

**<u>केवल कार्यालयीन उपयोग हेतु</u>**

| | | |
|---|---|---|
| पुष्टि प्रदान की गई | दिनांक एवं तारीख | मेकर का हस्ताक्षर |
| पुष्टि प्रदान की गई | दिनांक एवं तारीख | चेकर का हस्ताक्षर |

सायं 6.00 बजे तक सत्यापित पुष्टियों को ही अगले समाशोधन सत्र में प्रोसेस किया जाएगा. इसके उपरान्त सभी पुष्टियों को अगले समाशोधन सत्र में प्रोसेस किया जाएगा।